ग्रीन एनर्जी क्षेत्र में यूपी में निवेश व सहयोग करेंगी जापानी कंपनियां

राज्य ब्यूरो, जागरण, लखनऊ : उत्तर प्रदेश में ग्रीन हाइड्रोजन व ग्रीन एनर्जी के क्षेत्र में जापान सहयोग करेगा। जापान के यामानाशी प्रीफेक्चर (प्रांत) के उप गवर्नर को. ओसादा के नेतृत्व में आए प्रतिनिधिमंडल ने यह भरोसा दिया है। जापानी प्रतिनिधिमंडल ने यूपी की ग्रीन हाइड्रोजन नीति-2024 में दी गई व्यवस्थाओं के बारे में जानने के बाद कहा कि वे लोग जापान पहुंचकर ग्रीन हाइड्रोजन व एनर्जी के क्षेत्र में काम कर रही कंपनियों की आनलाइन मीटिंग कराएंगे। उम्मीद जताई कि जापानी कंपनियां इस क्षेत्र में उत्तर प्रदेश में निवेश करना पसंद करेंगी।

गुरुवार की शाम को होटल ताल में ऊर्जा मंत्री एके शर्मा के साथ हुई द्विपक्षीय बैठक में जापान के यामानाशी प्रांत के उप गवर्नर को. ओसादा ने उपरोक्त बातें कहीं। उन्होंने कहा कि ग्रीन हाइड्रोजन, ग्रीन एनर्जी और अन्य औद्योगिक क्षेत्रों में भारत और जापान के रिश्ते और मजबूत होंगे। जापान की ग्रीन हाइड्रोजन क्षेत्र की विशेषज्ञ कंपनियां यहां निवेश करना चाहेंगी। ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने कहा कि दिसंबर 2024 उत्तर प्रदेश और जापान के बीच इस क्षेत्र में सहयोग के लिए समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित हुआ था। उन्होंने कहा कि जापान के सहयोग से प्रदेश के आइआइटी संस्थानों में अनुसंधान, विकास व नवाचार के लिए उत्कृष्टता केंद्र स्थापित किए जाएंगे। इस बैठक के दौरान अपर मुख्य सचिव ऊर्जा नरेंद्र भूषण, एमडी यूपीपीसीएल पंकज कुमार, एमडी यूपीनेडा अनुपम शुक्ला के साथ ही आइआइटी संस्थानों के प्रोफेसर उपस्थित थे।